भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1234
सोमवार, 28 जुलाई, 2025/6 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

चलो इंडिया वैश्विक प्रवासी अभियान

1234. **श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) चलो इंडिया वैश्विक प्रवासी अभियान के अंतर्गत कितने वीज़ा जारी किए गए हैं;

(ख) उक्त अभियान के तहत दिए गए सुझावों के माध्यम से भारत आने वाले अनिवासी भारतीयों के साथ-साथ विदेशी पर्यटकों की संख्या कितनी है;

(ग) कम ज्ञात पर्यटन स्थलों और सांस्कृतिक विरासत स्थलों को बढ़ावा देने में उक्त अभियान की भूमिका क्या है;

(घ) क्या उक्त अभियान के अंतर्गत सरकार द्वारा भविष्य में कोई नई पहल या विस्तार योजना लाई जा रही है, जिससे अनिवासी भारतीयों की भागीदारी को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके तथा देश में आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि की जा सके; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय द्वारा प्रवासी भारतीय सदस्यों के लिए अपने गैर-भारतीय मित्रों को प्रतिवर्ष भारत की यात्रा के लिए प्रोत्साहित करके अतुल्य भारत के दूत बनने हेतु "चलो इंडिया" पहल की शुरुआत की गई। अब तक, इस पहल के तहत 30 ई-पर्यटक वीज़ा जारी किए जा चुके हैं।

इस पहल का उद्देश्य वैश्विक पर्यटन बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के उद्देश्य से अल्प ज्ञात गंतव्यों एवं सांस्कृतिक विरासत स्थलों सहित देश के पर्यटन गंतव्यों एवं उत्पादों को बढ़ावा देना है। पर्यटन मंत्रालय, देश में पर्यटकों के आगमन की संख्या बढ़ाने के लिए विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों, यात्रा व्यापार उद्योग और राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के सहयोग से संभावित स्रोत बाजारों में पर्यटन संवर्धन संबंधी कार्यकलापों को संचालित करता है।

*****